web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union — Govt. Registered — SJU

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 27 फरवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 151

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली के डिप्टी सीएम सिसोदिया आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आबकारी नीति घोटाला मामले में रविवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दिन भर की पूछताछ के बाद शाम में गिरफ्तार कर लिया। आप नेता आतिशी का कहना है कि बीजेपी कहती है मनीष सिसोदिया 10,000 करोड़ का घोटाला किया। ये पैसे कहां है? ये पैसे सिसोदिया के घर,बैंक या अन्य जगह पर मिले? एक साल की जांच में भी ईडी-सीबीआई इसका सबूत नहीं दे पाई। यह गिरफ़्तारी जांच या सरकारी पॉलिसी से नहीं है बल्कि आप के दिल्ली मॉडल व उपलब्धि को लेकर हुई है ।

### पुलवामा में कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या, आतंकी संगठन ने ली जिम्मेदारी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को आतंकवादियों ने एक नागरिक की हत्या कर दी। पुलिस ने नागरिक की पहचान अचन गांव के काशीनाथ पंडित के बेटे संजय पंडित के रूप में की है। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है। संजय को उसके गांव में आतंकवादियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर चोटों के चलते उसकी मौत हो गई। वह एक बैंक सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था। पुलिस ने कहा, इलाके को तलाशी के लिए घेर लिया गया है। भाजपा नेता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि पुलवामा के आचन निवासी संजय शर्मा की हत्या की वह निंदा करते हैं। आतंकवादियों ने एक बार फिर दिखा दिया है कि उनके लिए मानव जीवन कोई मायने नहीं रखता है। सुरक्षाबल दोषियों को उनके अंजाम तक पहुंचाएंगे। किसी को भी शांति भंग करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

### महोबा में ट्रक ने टक्कर मार कर स्कूटी को काफी दूर तक घसीटा, 2 की मौत

**महोबा (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के महोबा में हिट एंड ड्रैग मामले में एक व्यक्ति और उसके पोते की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शख्स की स्कूटी को एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिसके बाद स्कूटी ट्रक के साथ काफी दूर तक घसीटती चली गई। घटना शनिवार को एनएच 86-कानपुर-सागर हाईवे पर हुई, जिसमें शख्स और उसके छह वर्षीय पोते की मौत हो गई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि ट्रक तेजी से आगे बढ़ रहा है और स्कूटी को टक्कर मार देता है। इस टक्कर में स्कूटी ट्रक के पहिए में फंस जाती है और घर्षण के कारण चिंगारी निकलने लगती है। यह देख आसपास के लोग ट्रक चालक को सचेत करने की कोशिश करते हैं। स्थानीय लोगों ने कथित तौर पर ट्रक को रोकने के लिए सडक़ पर पत्थर और बोल्डर डाल दिए। अन्य वीडियो में ट्रक को पुलिसकर्मियों से घिरा हुआ दिखाया गया है, जो स्कूटी को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं और पुलिसकर्मी शवों को एंबुलेंस में डाल रही हैं। महोबा पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि व्यक्ति और उसका पोता घर से स्कूटी पर बाजार के लिए निकले थे और रास्ते में ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# नक्सलियों के आईईडी विस्फोट में 1और जवान शहीद, 1 घायल

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के ओरछा इलाके में सीएएफ के 16वीं बटालियन के जवान रविवार सुबह सर्चिंग पर निकले थे, इस दौरान घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर दिया इस घटना में सीएएफ का हेड कांस्टेबल संजय लकड़ा शहीद हो गया है। वहीं एक अन्य जवान को चोट आई हैं, लेकिन उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इसकी पुष्टि नारायणपुर एसपी पुष्कर शर्मा ने की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएएफ के 16वीं बटालियन के जवान सर्चिंग पर निकले थे, इसी दौरान जवान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आ गये। इस घटना में हेड कांस्टेबल संजय लकड़ा शहीद हो गया, वहीं एक अन्य जवान को चोट आई हैं। ब्लास्ट के बाद घायल जवानों को अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने संजय लकड़ा को मृत घोषित कर दिया, वहीं दूसरे जवान की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही हैं। गौरतलब हैं कि एक दिन पहले ही सुकमा में नक्सली हमले में तीन जवानों की मौत हो गयी थी।

### शहीद को ससम्मान सलामी देकर गृहग्राम जशपुर रवाना किया गया



थाना ओरछा से नक्सलियों की सूचना पर रविवार को जिला बल, डीआरजी एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान हेतु रवाना किया गया था सर्चिंग के दौरान नक्सलियों के द्वारा पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने की नियत से आईईडी ब्लास्ट किया गया आईडी ब्लास्ट में चोट लगने पर 16 वीं बटालियन के प्रधान आरक्षक संजय लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। शहीद के पार्थिव देह को पुलिस लाइन नारायणपुर में ससम्मान पूर्वक सलामी दिया गया। शहीद जवान के पार्थिव देह को गृहग्राम जिला जशपुर के लिए रवाना किया गया है, शहीद जवान संजय लकड़ा जशपुर जिले के बाम्हनपुरा गांव के निवासी थे।

एएसपी हेमसागर सिदार ने बताया पाइप बम तकनीक में पाइप के अंतिम छोर में डेटोनेटर लगाया जाता है, एवं पाइप के बारूद के साथ अंदर लोहे के टुकड़े, छर्रे आदि डाले जाते है यह इलेक्ट्रिकल भी होता है, तार बिछाकर इसे रिमोट से कंट्रोल किया जाता है, टारगेट के पाइप बम के समीप पहुंचते हैं दूर छुपे नक्सलियों द्वारा इसे विस्फोट किया जाता है। डेटोनेटर फटने से तेज ब्लास्ट होता है, और लोहे के टुकड़े जाकर टारगेट व्यक्ति को लगते हैं। इसी तकनीक का उपयोग आज के घटना में किया गया है। विस्फोट के बाद नक्सली फायरिंग कर पहाड़ एवं जंगलों का आड़ लेकर भाग गए जवानों ने भी बहादुरी का परिचय देते हुए जमकर जवाबी फायरिंग की पूरे मामले में एक और जवान प्रधान आरक्षक विनोद कुलदीप भी विस्फोट की चपेट में आते-आते बाल-बाल बच गए।

## डीजीपी जुनेजा ने शहीदों के परिजनों व मुठभेड़ में शामिल जवानों से की मुलाकात

### शहीद परिवार को आर्थिक मदद कर एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का दिया आश्वासन

**सुकमा (आरएनएस)।** प्रदेश के डीजीपी अशोक जुनेजा रविवार को जगरगुंडा पहुंचे इस दौरान सीआरपीएफ एडीजी वितुल कुमार, एडीजी विवेकानंद सिन्हा, आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार, बस्तर आईजी सुंदरराज पी. और सुकमा एसपी सुनील शर्मा मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों ने सबसे पहले मुठभेड़ में शामिल डीआरजी जवानों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान नक्सली हमले में शहीद जवानों के परिवार से मुलाकात कर मौके पर ही आर्थिक मदद की। साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया।

घटनास्थल से बरामद विस्फोटक सामग्री का बारीकी से जायजा लिया और अफसरों से चर्चा कर पूरी जानकारी जुटाई। विदित हाक कि शनिवार को जगरगुंडा के पास कुंदेड़ जाने वाले मार्ग पर हुए मुठभेड़ में नक्सलियों ने बड़ी मात्रा में देसी बीजीएल का जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए दागे थे। घटना के बाद सर्चिंग करने पर जवानों ने मौके से भारी मात्रा में बीजीएल बरामद किया है। पुलिस अफसरों के अनुसार नक्सलियों ने 250 से ज्यादा बीजीएल का इस्तेमाल मुठभेड़ में किया था। हालांकि कई बीजीएल मौके पर फटे नहीं जिसके चलते जवानों को बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने बताया कि मुठभेड़ में जवानों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। एंबुश में फंसने के बाद भी जवानों ने बहादुरी से लड़ते हुए नक्सलियों को मार भगाया है। जवानों 07-08 नक्सलियों को गोली लगने के बाद जमीन पर गिरते हुए देखा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि नक्सलियों को बड़ी क्षति पहुंची है। घायल नक्सलियों को इलाज अलग-अलग जगह पर चल रहा है। मुठभेड़ के बाद नक्सली बड़ेकेड़वाल और उर्सांगल की ओर भागे हैं।

## अपार्टमेंट में दंपति और उनकी बेटी ने की खुदकुशी, फंदे से लटके मिले सड़े-गले शव



**कोलकाता (आरएनएस)।** दक्षिण कोलकाता में रविवार को एक दंपति और उनकी बेटी के सड़े-गले शव उनके आवास में लटके पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। रीजेंट पार्क हाउसिंग सोसाइटी में दंपति के पड़ोसी पिछले कुछ दिनों से अंदर से बंद आवास से निकलने वाली दुर्गंध की शिकायत कर रहे थे। रविवार की सुबह जब दुर्गंध बर्दाश्त से बाहर हुई तो पड़ोसियों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आवास का दरवाजा तोड़ा तो तीनों के शव उनके ड्राइंग रूम की छत से लटके हुए पाए गए। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। उनके आधार कार्ड से तीन मृतकों की पहचान दिलीप कुमार चटर्जी, रानू चटर्जी और ओइन्द्रिला चटर्जी के रूप में हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, यह पिछले छह माह से इस किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस द्वारा बरामद किए गए आधार कार्ड के अनुसार, उनके निवास स्थान को दक्षिणी कोलकाता में गार्डन रीच बताया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ओइंद्रिला चटर्जी दक्षिण 24 परगना जिले के फाल्टा के एक लॉ कॉलेज में तीसरे सेमेस्टर की छात्रा थी। उसके पिता का अपना व्यवसाय था जबकि उसकी मां एक गृहिणी थी।

एक जांच अधिकारी ने कहा कि हालांकि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह आत्महत्या का मामला है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अंतिम निष्कर्ष निकाला जा सकता है। हम मृतक पिता द्वारा चलाए जा रहे व्यवसाय के विवरण सहित सभी कोणों से जांच कर रहे हैं।

## वैज्ञानिकों को मिली बड़ी कामयाबी... शोधकर्ताओं की एक टीम ने पृथ्वी के आंतरिक कोर में नई लेयर का लगाया पता



**सिडनी।** शोधकर्ताओं की एक टीम को आंतरिक कोर के भीतर स्थित ग्रह पर एक नई लेयर (परत) का प्रमाण मिला है। द ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) के सीस्मोलॉजिस्ट के अनुसार, भूकंप के कारण होने वाली भूकंपीय तरंगों से एकत्र किए गए डेटा ने पृथ्वी के आंतरिक कोर के सबसे गहरे हिस्सों पर नई रोशनी डाली है।

शोधकर्ताओं का मानना है कि उन्होंने पृथ्वी के अंदर एक अलग लेयर के साक्ष्य को 'अंतरतम आंतरिक कोर' के रूप में जाना है, एक ठोस 'धातु की गेंद' है, जो विभिन्न गतियों को मापने के द्वारा आंतरिक कोर के केंद्र के भीतर बैठता है, जिस पर ये लेयर्स पृथ्वी के आंतरिक कोर में प्रवेश करती हैं और गुजरती हैं। पहले, यह सोचा गया था कि पृथ्वी की संरचना में चार अलग-अलग लेयर्स शामिल हैं, जो क्रस्ट, मेंटल, बाहरी कोर और आंतरिक कोर हैं, लेकिन वर्तमान निष्कर्ष पांचवीं लेयर की पुष्टि करते हैं।

एएनयू रिसर्च स्कूल ऑफ अर्थ साइंसिस, थान-सोन फिम ने कहा, आंतरिक कोर के भीतर एक आंतरिक धातु की गेंद का अस्तित्व, अंतरतम आंतरिक कोर, लगभग 20 साल पहले परिकल्पना की गई थी। अब हम परिकल्पना को साबित करने के लिए साक्ष्य की एक और पंक्ति प्रदान करते हैं।

वैज्ञानिकों ने भूकंपीय कोर को देखा जो सीधे पृथ्वी के कोर के माध्यम से यात्रा करती हैं और ग्लोब के विपरीत दिशा में 'स्पिट आउट' हैं जहां से भूकंप आया था, जिसे एंटीपोड भी कहा जाता है। लहरें फिर भूकंप के केंद्र में लौट आती हैं। एएनयू के शोधकर्ता इस प्रक्रिया की तुलना पिंग पोंग बॉल के आगे और पीछे उछलने से कर रहे हैं।

फिम ने कहा, घनी आबादी वाले सिस्मोग्राफ नेटवर्क द्वारा रिकॉर्ड किए गए संकेतों को बढ़ावा देने के लिए एक तकनीक विकसित करके, हमने पहली बार, भूकंपीय वेव्स को देखा जो पृथ्वी के व्यास के साथ-साथ पांच गुना आगे-पीछे उछलती हैं। पिछले अध्ययनों ने केवल एक एंटीपोडल बाउंस का दस्तावेजीकरण किया है। उन्होंने कहा, निष्कर्ष रोमांचक हैं क्योंकि वे पृथ्वी के आंतरिक कोर और इसके सेंटर-मोस्ट क्षेत्र की जांच करने का एक नया तरीका प्रदान करते हैं।

## प्रायवेट स्कूलों में बोर्ड पैटर्न पर होने वाली पांचवी-आठवीं परीक्षा पर हाईकोर्ट की रोक




**भोपाल (आरएनएस)।** प्रायवेट स्कूलों में बोर्ड पैटर्न पर होने वाली पांचवीं-आठवीं की परीक्षा पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग नीतियों को गलत माना है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र 2021-22 से सरकारी स्कूलों में पांचवीं-आठवीं की बोर्ड परीक्षा शुरु की है। वर्ष 2022-23 से इनमें प्रायवेट स्कूलों को भी शामिल करने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने सत्र शुरु होने के बाद 12 सितम्बर 2022 को पत्र जारी किया था। साथ ही कहा कि प्रायवेट स्कूलों के छात्रों को अद्र्धवार्षिक परीक्षा के बीस फीसदी अंक वार्षिक परीक्षा से जुड़ेंगे। अद्र्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा एनसीईआरटी यानि मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के सिलेबस पर होंगी। प्रायवेट स्कूलों ने इसका विरोध किया। उनका कहना था कि बोर्ड परीक्षा का आदेश सत्र शुरु होने के बाद आया है। दूसरा मप्र के सरकारी स्कूलों में एनसीईआरटी यानि मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम व अधिकांश प्रायवेट स्कूलों में एनसीआरटी का सिलेबस लागू होता है। दोनों सिलेबस में हिंदी, हिंदी स्पेशल व संस्कृत की किताबें अलग-अलग हैं। इसे लेकर प्रायवेट स्कूल संचालक संचालक राज्य शिक्षा केंद्र धनराजू एस. के पास पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रायवेट स्कूलों में एनसीईआरटी का सिलेबस लागू होता है। इन्हीं किताबों से बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। अब एनसीईआरटी सिलेबस पर परीक्षा होगी, तो इसमें बच्चों में भ्रम पैदा होगा। राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रायवेट स्कूलों की बात नहीं मानी। वह मनमानी कर परीक्षा कराने पर अड़ा रहा। इसे लेकर प्रायवेट स्कूलों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। हाईकोर्ट जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता संस्था के सदस्य स्कूलों में एससीईआरटी सिलेबस से बोर्ड परीक्षाएं करवाने पर रोक लगा दी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एक सिलेबस से पढ़ाई वाले स्कूल में दूसरे सिलेबस के बोर्ड परीक्षा करवाने के शिक्षा विभाग के आदेश को अवैध ठहरा दिया। मतलब साफ है कि मध्यप्रदेश अशासकीय विद्यालय परिवार संस्था के सदस्य स्कूलों में अब एससीईआरटी सिलेबस से पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं नहीं करवानी होगी। कोर्ट ने कहा कि अगर बोर्ड परीक्षा लेनी ही है तो याचिकाकर्ता स्कूलों में पढ़ाए जा रहे सिलेबस के आधार पर ही ली जाए। हालांकि हाईकोर्ट ने ये राहत सिर्फ याचिकाकर्ता यानि मध्यप्रदेश अशासकीय विद्यालय परिवार के सदस्य स्कूलों को दी है। संस्था के सचिव जुगल मिश्रा ने हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग से ये अपेक्षा जताई है कि वो प्रदेश के सभी स्कूलों को राहत दें और एनसीईआरटी सिलेबस वाले स्कूलों में दूसरे सिलेबस से बोर्ड परीक्षा लेने के आदेश रद्दे कर दें।

## बेटी की शादी के लिए 25 लाख का कर्ज, नहीं चुका पाया तो पूरे परिवार ने कर ली खुदकुशी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कर्नाटक में हावुर जिले के तोंदूर गाँव में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां बेटी की शादी के लिए 25 लाख रुपये लोन लिया गया था। परिवार लगातार कोशिश कर रहा था कि यह कॅर्ज चुकता हो जाएँ, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कर्ज से परेशान परिवार ने खौफनाक कदम उठा लिया। इस परिवार के तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली।

आत्महत्या करने वालो में बेटी भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी की लाशों को बरामद कर लिया हैं। लाशों को पीएम के लिए रवाना कर दिया गया हैं। मृतकों की पहचान हनुमांथा गौड़ा पाटिल (54), उनकी पत्नी ललिता (50) और उनकी विवाहित बेटी नेत्रा (22) के रूप में पुलिस ने दी।

हनुमांथा गौड़ा पाटिल की बेटी की आठ माह पहले ही शादी हुई थी। एसपी शिवकुमार गुनरे ने कहा हुनमांथा गौड़ा ने 25 लाख रुपये का लोन लिया था। बैंक अधिकारियों से बचने के लिए वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ दूसरे स्थान पर रह रहा था। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तीनों ने आत्महत्या की। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## खून के आखिरी कतरे तक सोनिया गांधी रहेंगीं सक्रिय, राजनीति से संन्यास की अटकलों को कांग्रेस ने किया खारिज



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीति से संन्यास की अटकलों पर पार्टी आलाकमान ने पूर्ण विराम लगा दिया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने ऐसी अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया है। केसी वेणुगोपाल ने बताया कि सोनिया गांधी के राजनीति से संन्यास की खबरें भ्रामक हैं। यह गोदी मीडिया का एक स्टंट है।

केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सोनिया जी खून के आखिरी कतरे तक कांग्रेस के लिए सक्रिय रहेंगीं। वह युवाओं को मौका दे रही हैं। सोनिया जी 2024 तक लोकसभा सांसद हैं। संसद में पार्टी की नेता हैं और संविधान संशोधन के बाद आजीवन कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य बनी रहेंगी। सोनिया जी ने भाषण में जो कहा वो बतौर अध्यक्ष 1998 से लेकर 2022 तक अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के लिए बोलीं हैं। उनके कार्यकाल में आखिरी बड़ा इवेंट कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा रहा।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि सबसे बड़ी खुशी है कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ उनकी पारी का अंत हो सका। उन्होंने पार्टी के 85वें महाधिवेशन में यह टिप्पणी की। मीडिया के एक हिस्से में उनके बयान को राजनीति से संन्यास के रूप में पेश किया गया, जिसका पार्टी ने खंडन किया है। सोनिया गांधी की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा, सोनिया जी की टिप्पणी का मतलब अध्यक्ष पद की पारी पूरी होने को लेकर था, राजनीति से पारी के पूरी होने के बारे में नहीं था।

## तरक्की की उड़ान भरने को तैयार है इंडिया... जर्मन सीईओ ने भारत की तारीफों के बांधे पुल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कई जर्मन कंपनियों के सीईओ ने शनिवार को 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक की। बैठक के बाद जर्मनी की कंपनियों के सीईओ भारत के विकास की कहानी के मुरीद हो गए। इस बैठक में जर्मन कंपनियों के लिए भारत में शिक्षा और व्यापार के अवसरों को बढ़ाने के बारे में चर्चा की गई। इस बैठक के बाद टीयूवी नॉर्ड के प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डर्क स्टेनकैंप ने कहा कि भारत बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढऩे वाले देशों में सबसे आगे है। इंडिया आज उस मुकाम पर है, जहां से वह आर्थिक विकास की एक नई उड़ान भर सकता है।

स्टेनकैंप ने कहा कि 'मैं शुरू से ही मेक इन इंडिया पहल के बारे में जानता हूं और हम भारत आने और भारत में उत्पादन शुरू करने के लिए कई जर्मन कंपनियों का समर्थन कर रहे हैं। भारत ने मेक इन इंडिया का हिस्सा बनने के लिए जर्मन मित्तलस्टैंड में एक पहल चल रही है। इसके साथ ही कई छोटे और मध्यम आकार के जर्मन उद्यमों में भारत आने और मेक-इन-इंडिया का हिस्सा बनने के लिए भी एक पहल चल रही है।' उन्होंने कहा कि भारत में ग्रोथ और बिजनेस के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। स्टेनकैंप के अलावा तीन और कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल ने पीएम मोदी के साथ बैठक में हिस्सा लिया।

उनमें से एक रेथमैन कंपनी के सीईओ क्लेमेंस रेथमैन ने कहा कि भारत में कौशल और प्रतिभा है। इन संसाधनों का उपयोग करना सौभाग्य है और भारत उत्पादन की दुनिया में बड़ा हो जाएगा। रेथमैन ने कहा कि यहां आपको कार्यबल मिलता है। जबकि जर्मनी में कार्यबल की कमी है। आपके पास इतने सारे बुद्धिमान युवा हैं, जो कुछ करना चाहते हैं। जबकि रेंक (क्रद्गठ्ठद्म) की सीईओ सुजैन वीगैंड ने कहा कि वे भारत सरकार के एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में यहां आकर गर्व महसूस कर रही हैं। उनकी कंपनी भारतीय सेना और नौसेना को ड्राइव सॉल्यूशंस की सप्लाई कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत का तेजी से बढ़ता सीमेंट बाजार भी एक बिजनेस संभावना है।

सॉफ्टवेयर कंपनी सृक्क के सीईओ क्रिश्चियन क्लेन भी पीएम मोदी के साथ हुई बैठक में शामिल थे। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि भारत की स्थिरता के लिए उच्च आकांक्षाएं हैं। भारत सप्लाई चेन में कार्बन के उपयोग को कम करने और ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग करना चाहता है। ये सब आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ-साथ चलता है। उन्होंने कहा कि वह भारत का भागीदार बनकर खुश हैं। ये सभी सीईओ जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ भारत आने वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। गौरतलब है कि ओलाफ स्कोल्ज 25-26 फरवरी तक भारत की दो दिवसीय यात्रा पर हैं।